श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीगौरीशंकराभ्यां नमः ॥ श्रीकृष्णाय नमः ॥

अथ श्रीमद्योगिवर्य्य श्री६ विप्रराजेन्द्राचार्य्यकृत तत्त्वैकदर्शन भाष्यसमवलित

गीतायाः भूमिका ॥

अथ श्रीयोगिराजेन गीता भाष्यन्तु यत्कृतम् ॥ तत्त्वैकदर्शनं भाष्यं भूमिका तस्य चोच्यते ॥ १ ॥ कालिकेशप्रसादेन भाषार्थेन समन्वितम् ॥ तुष्यन्तु सुधिय स्तेन तथा चाल्पधियोपिवै ॥ २ ॥

पार्थाय प्रतिबोधिता भगवता नारायणेन स्वयम् ।
व्यासेन ग्रथिता पुराणमुनिना मध्ये महाभारते ॥
अद्वैतामृतवर्षिणीम्भगवतीं अष्टादशाध्यायिनीं ।
मम्बत्वा मनसा दधामि भगवद्गीते भवद्वेषिणीम् ॥ १ ॥

तथा पाद्मे गीतामाहात्म्ये प्युक्तम् ।

वक्त्राणि पञ्च जानीहि पञ्चाध्याया ननुक्रमात् ॥
दशाध्याय भुजा श्चैक मुदरं द्वे पदाम्बुजे ॥ १ ॥
एवमष्टादशाध्यायै र्वाङ्मयी मूर्ति रैश्वरी ॥
जानीहि ज्ञानमात्रेण महापातक नाशिनी ॥ २ ॥

गीतामाहात्म्ये वाराहपुराणस्थ वचनानि सन्ति ॥

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः ॥
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत् ॥ १ ॥

गीताज्ञानेन सम्बोध्य कृष्णः प्राहतमर्जुनम् ॥
अष्टादश पदस्थानं गीताध्याये प्रतिष्ठितम् ॥२॥
मोक्षस्थानं परम्पार्थ सगुणञ्चाऽथ निर्गुणम् ॥
सोपानाष्टादशैरेवं परंब्रह्माधि गच्छति ॥३॥
तस्माद्धर्ममयी गीता सर्वशास्त्र प्रयोजिका ॥
सर्वशास्त्रमयी गीता तस्माद्गीता विशिष्यते ॥४॥
भगवत्परमेशाने भक्ति रव्यभिचारिणी ॥
जायते सततं तत्र यत्र गीताभिनन्दनम् ॥५॥

महाभारते द्रोणपर्वणि अर्जुनम्प्रति श्रीकृष्णवाक्यम् ॥

प्रजापतीनां प्रथमं तैजसं पुरुषं प्रभुम् ॥
भुवनं भूर्भुवं देवं सर्वलोक महेश्वरम् ॥१॥
ईशानं वरदं पार्थ. दृष्टवानसि शंकरम् ॥
तं गच्छ शरणंदेवं वरदं भुवनेश्वरम् ॥२॥

वाराहपुराणस्थ गीतामाहात्म्ये प्युक्तम् ।

गीताज्ञानं समाश्रित्य त्रिलोकीं पालयाम्यहम् ॥
गीता मे परमाविद्या ब्रह्मरूपा न संशयः ॥१॥

अथ पुरा खल्वस्मिन्विविधपुण्यप्रद्योतिते भूप्रदेशे भारतखण्डे ज्ञान विज्ञान विध्वस्त कल्मषास्तपस्तेजसा हूयमाना वैश्वानर इव दीप्ता महान्तो महर्षयो लोककल्याण सपिपादयिषवः आसन् । ते च धर्मार्थकाममोक्षाणां मूलं श्रुति स्मृति पुराणेतिहास रहस्यादि

E S.1 N.S.

सर्व ग्रन्थवेद्यं सर्वोत्तमं सर्व देवासुरादिविहितं शिवोपासन मेवाहुः ।
यथोक्तं भीष्मेण अर्जुनम्प्रति महाभारते अनुशासनिके पर्वणि ।

अशक्तोऽहं गुणान्वक्तुं महादेवस्य धीमतः ॥
योहि सर्व गतोदेवो न च सर्वत्र दृश्यते ॥१॥
ब्रह्म विष्णु सुरेशानां स्रष्टा च प्रभुरेव च ॥
ब्रह्मादयः पिशाचान्ता यंहि देव मुपासते ॥२॥
प्रकृतीनाम्परत्वेन पुरुषस्य च यः परः ॥
चिन्त्यते यो योगविद्भि र्ऋषिभि स्तत्वदर्शिभिः॥३॥
अक्षरः परमं ब्रह्म असच्च सदसच्चयः ॥
प्रकृतिं पुरुषञ्चैव क्षोभयित्वा स्वतेजसा ॥
ब्रह्माण मसृजत्तस्मा देवदेवः प्रजापतिः ॥४॥
कोहि शक्तो गुणान्वक्तुं महादेवस्य धीमतः ॥
गर्भ जन्म जरायुक्तो मर्त्यो मृत्यु समन्वितः ॥५॥
कोहि शक्तो भवं ज्ञातुं मद्विधः परमेश्वरम् ॥
ऋते नारायणात्पुत्र शंख चक्र गदाधरात् ॥६॥

इत्यादि बहूनि वचनानि सन्ति परन्त्विदानीं तनैः तन्नाशकरै धर्मार्थसुखादिषु महाविघ्नस्वरूपभूतः सर्वतः प्रसरद्भिः पण्डितमानिभिः भगवद्गीता तत्वमजानद्भिः सर्वशास्त्रमयीगीतेत्यादि प्रमाणतो गीतार्थोऽविहितं तदवेद्यञ्च तदिदं शिवोपासन मित्यादि वाग्विडम्बनं ब्रुवद्भिः पण्डितानां पीडितानां मनुष्याणां दुःखोपशम-

नाय कल्याण विवृद्धये जगदुपकाराय श्रीवाराणसीक्षेत्रतः पूर्वदिग्विराजमान निखिलभूमण्डलमण्डन भूतातिरम्य दर्दरक्षेत्राऽपरपर्याय भृगुक्षेत्र मण्डलान्तर्गत विलसत्सरयूनदी सङ्गम सन्निकृष्ट शिवरामपुरस्थः तथा श्रीमत्प्रबलप्रचण्ड भुजदण्डाखण्ड प्रताप सन्मण्डली मण्डन पुरुषशार्दूलो उज्जैनकुलभूषण भोजवंशावतंस डुमरावाँधीश श्री महेश्वरबक्ससिंहादि नृप मौलि मणि रंजित पादपीठ सर्व वेदवेदाङ्गादि देव विद्या निष्णात निखिलशास्त्र साराशय तत्वप्रकाशकाचार्य्य सकल वर्णाश्रम मार्ग प्रवर्तक सर्व सिद्धान्त मत स्थापक निखिलालीक मत मर्दनोद्यत ब्रह्मवि च्छ्रीमद्योगिवर्य्यं विप्रराजेन्द्रा परपर्य्याय श्री दुर्गादत्त समाख्यस्तत्वैकदर्शनं भगवद्गीता भाष्यं विरचयतिस्म तदात्मजेन तस्योपरि तिलकं विरचितम् ।

पुरा यद्यपि शम्भुमूर्तिना निखिल मुनिवृन्द वन्दित चरण कमलेन श्रीमच्छंकराचार्य्येण जगदुपकाराय सकलशास्त्र साराशय मूर्द्धाभिषिक्तं भगवद्गीता भाष्यं नाम निर्मितं तस्य पूर्वपक्ष समाधानाभ्यां बह्वर्थ संकुलत्वेनातिदुरूहत्वा त्तदर्थज्ञानं चेदानीं तनैः ह्रस्वायुषैः प्रायाऽनुपलभ्यम् । अथान्यानि श्रीधर शंकरानन्दगिरि प्रभृति विरचितानि भगवद्गीता तिलकानि बहूनि विद्वज्जन मनो मोद जनकानि सविस्तृतानि सन्त्यपि परन्तु "सर्वोपनिषदोगावो-दोग्धागोपालनन्दनः" इत्यादि दोग्धृ विषय एव सर्वै र्दत्तचित्तैः

प्रपञ्चितानि यत्तु दुग्धंगीतावेद्यं शिवात्मकं तूरीयंतत्वं तत्र केनापि नैव दत्तचित्तेन किञ्चिदप्युक्तम् ।

दोग्धृ दुग्धयो ज्ञातृ ज्ञेययो र्यथा पार्थक्यं लोकतः शास्त्रतश्च सुप्रसिद्धम् । तथा तत्रापि गीताशास्त्र प्रतिपादकेन श्रीकृष्णेन गीतार्थ-प्रतिपाद्यं शिवतत्वमेव सगुणदशायां कथञ्चि त्पार्थक्य भावेन तथा परमार्थ दशाया महंगिरोपासनया स्वात्मनोह्यभेदे नार्ज्जुन-म्प्रत्युक्तम् । तदेत दर्थकमेवार्ज्जुनम्प्रति सुस्पष्टतया श्री वेदव्या-सेन दर्शितम् ।

गते नारायणे कृष्णे स्वयमेव परम्पदम् ॥
पार्थः परमधर्मात्मा पाण्डवः शत्रु तापनः ॥१॥
कृत्वा चैवोत्तरविधिं शोकेन महताहृतः ॥
अपश्यन्पथिगच्छन्तं कृष्णद्वैपायनं मुनिम् ॥२॥
पपात दण्डवद्भूमौत्यक्त्वाशोकं तदार्ज्जुन ॥
पृष्ठवान्प्रणिपत्यासौ युगधर्मान्द्विजोत्तमाः ॥३॥
तस्मै प्रोवाच सकलं मुनिः सत्यवती सुतः ॥

तदुक्तम् कौर्म्मे अष्टाविंशे त्रिंशेऽध्याये च ।

इत्यादिना युगधर्मान्प्रदर्श्य श्रीकृष्णोक्तं गीताज्ञेयं शिवतत्वं तदभिन्नत्वेन विराड्रूप सम्भूत दर्सनं चापि सँस्मारय न्पुनर्व्यास स्तत्रैवोवाच । तद्यथा—

तमुवाच पुनर्व्यासः पार्थम्पर पुरंजयम् ॥
कराभ्यां स शुभाभ्याञ्च संस्पृश्य प्रणतं मुनिः ॥१॥
धन्योस्यनुगृहीतोसि त्वादृशोऽन्यो नविद्यते ॥
त्रैलोक्ये शंकरे नूनं भक्तः परपुरञ्जय ॥२॥
दृष्टवानसि तंदेवं विश्वाक्षं विश्वतोमुखम् ॥
प्रत्यक्षमेव सर्वेषां रुद्रं सर्वं जगन्मयम् ॥३॥
ज्ञानन्तदैश्वरं दिव्यं यथावद्विदितं त्वया ॥
स्वयमेव हृषीकेशः प्रीत्यो वाच सनातनः ॥४॥
गच्छ गच्छ स्वकं स्थानं नशोकं कर्तुं मर्हसि ॥
व्रजस्व परयाभक्त्या शरण्यं शरणं शिवम् ॥५॥

इत्यादि तत्रैव विस्तरम् ।

तथा 'गीता गङ्गा च गायत्री सीता सत्या सरस्वती' इत्यादि वाराहपुराणस्थ वचनेन गीताशब्दस्य गायत्रीशब्द पर्य्यायत्वाच-कत्वेनापि गायत्र्यर्थं गर्भितत्वं सुस्पष्टमेव प्रतिभाति ।

एवञ्च—

गायन्तं त्रायते यस्माद्व गायत्री भर्ग चिह्निता ॥
संसार भर्जको भर्गः शिवएवेति निश्चितः ॥१॥
द्विजत्वे साच वै प्रोक्ता गायत्री भर्गदेवता ॥
प्रलये समनुप्राप्ते वेदालीयन्ति यत्रवै ॥
गायत्र्यामेव गायत्री भर्गशब्दे शिवात्मके ॥२॥

इत्यादि शिवरहस्य सप्तमांश वचनात्तथा 'हरः स्मर भवो

भर्गं स्त्र्यम्बक स्त्रिपुरान्तकः' इत्यमरकोश सहकारेण एवं चैव भर्गाख्योभ्राश्रिर्गतिरस्यहीति भर्गों भर्ज्जयतीति वैष भर्ग इति रुद्रो ब्रह्मवादिनोऽथ भर्ग इति मैत्रारण्योपनिषच्छ्रुत्यापि च गायत्री मन्त्र वेद्यः शिवएवेति ॥

तदर्थं मग्रे दर्शयति ।

ॐ भूर्भुवस्स्वः ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात् ।

(यः भर्गः) जो शिव (नः धियः) हमारे बुद्धि को (प्रचोदयात्) सतमार्गों में प्रेरित करता है और जो (देवस्य सवितुः) प्रकाशमान सूर्यदेव से (वरेण्यम्) श्रेष्ठ है याने सूर्यदेव का भी कारण है। (तत) उस शिव तत्व का (धिमहि) हम ध्यान करें।

तत्रतावद्भूरित्यादि त्रिभुवन मो म्ब्रह्मैवेत्यर्थः तदुक्तं महाभारते 'भुवनं भूर्भुवं देवं सर्वलोक महेश्वरम् , इत्यादि एवं सति अनन्या निष्कलेतत्वे प्रभाभानो रिवामला, इत्यादि स्मृत्या भर्गोदेवस्य सुपांसुलुगिति स्मरणा द्भर्गस्य देवस्य महादेवस्य परब्रह्मणः सवितुरिव तद्वरेण्यं शक्त्याख्यं तेजो धीमहि ध्यायाम इत्यर्थः यश्च भर्गो यथाशक्त्या नोस्माकं धियोऽन्तः करणानि तपो यज्ञादि कर्मसु प्रचोदयात् प्रेरयेदिति मन्त्रार्थः ॥

यदेष रुद्रो भर्गाख्यो ब्रह्मवादिनः "भक्तस्नेहाद् भाग्यदानादमृतः ॥ भ्राभ्राजिधातोर्व्युत्पत्य 'मैत्रायणीय' उपनिषद ।

अतः भगवद्गीतावेद्यं शिवतत्त्वं "अमृतस्य परं सेतुं दुग्धेन्धन मिवानल" मिति श्वेताश्वतरोपनिष च्छ्रुत्या एवं "योवैरुद्रः सभगवान् यच्चामृतं तस्मैवै नमोनमः" इत्यथर्वं शिरोपनिषच्छ्रुत्यापि च तथा 'अद्वैतामृतवर्षिणीं भगवती, मित्यादि वाराहपुराणोक्त्यापि च दुग्धवद्गीतामृतं' शिवमद्वैतं तुरीयं मन्यन्त. इत्यादि श्रुति सिद्धं शिवतत्त्वमेव विनिश्चित मिति बुद्धि कुशलै र्विवेक्तव्यम् ॥"

अथैवं 'वक्त्राणि पञ्चजानीहि पञ्चाध्याया ननु क्रमात्' इत्यादि पद्मपुराणवचना त्तथा॰ भगवत्परमेशाने भक्ति रव्यभिचारिणी, इत्यादि वाराहपुराणोक्त्यापि ;च शिवशक्त्योरभेदेन भगवद्गीतायाः शिवस्वरूपत्वं सुस्पष्टमेव विज्ञापितमिति दिक् ॥

अथ चैतादिक्रान्भगवद्गीता सिद्धान्त गूढार्थान् यत्र तत्रा

तेजोभिरापूर्य जगत्समस्तं प्रकाशमानं कुरुषेप्रकाशम् ॥
विना प्रकाशं तव देव देव न दृश्यते विश्वमिदं क्षणेन ॥२६॥

शिव गी॰ अ॰ ७

भाषा टी॰—भगवान् शिवजी के प्रति रामजी—आप अपने तेज से सब जगत् व्याप्त और प्रकाश करते हो, हे देव देव ! आपके प्रकाश के विना तो यह जगत् क्षणमात्र में अदृश्य हो जाय ।

परमतेऽन्यथाख्यात्वसत्ख्यात्योरपरोक्षतानुपपत्तिध्वनय सिद्धान्तेऽपरोक्षतां समर्थयते—तेजोभिरिति । समस्तं जगत् तेजोरापूर्य व्याप्य प्रकाशमानस्त्वं प्रकाशत इति प्रकाशस्तं कुरुषे । तव प्रकाशं विना ।

विष्कर्तुं तद्रसिक विद्वद् वराणां तथा मुमुक्षुजनानाञ्च बहुतर प्रार्थनया तत्सर्वानुगृह्णन् लोकोपकार बुद्ध्या परमकारुणिक: श्रीमत्पदवाक्य प्रमाण पारावारीण योगिवर्य्य श्रीविप्रराजेन्द्राचार्य्य स्तत्त्वैकदर्शनं समाख्यं भगवद्गीता भाष्यं तदात्मजश्च भाष्यप्रदीपं विरचयति स्म ॥

ननु यद्येवमुक्त प्रामाण्यात्प्रधानतो गीता शास्त्रवेद्यत्वं परब्रह्मण: शिवस्यैव सिद्धान्तितं तर्हि "मामेवयेप्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्तिते" इति "मत्त: परतरंकिञ्चि न्नान्यदस्ति धनञ्जय" "मयिसर्वमिदं प्रोतंसूत्रे मणिगणाइवेति" "यस्मात्क्षरमतीतोह मक्षरादपिचोत्तम:" इत्यादि वचनैस्तत्रैव गीताया मर्ज्जुनम्प्रति श्रीकृष्णेनाऽस्मच्छब्द वाच्यत्वेन स्वस्यैव परमात्मत्वेन वेदितव्यं ह्युपासनीयञ्च कथमुक्तम्।

तत्रेत्थ म्परामर्श:

"उपद्रष्टा न्नुमन्ताच भर्ता भोक्ता महेश्वरेण" स्वात्मन एकीकृत्य "अहं सर्वस्यप्रभवो मत्त: सर्वं प्रवर्त्तत" इति "मामेव येप्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्तिते" इति जगदुत्पत्यादिहेतुत्वेन मुमुक्षु गेयत्वेनच प्रतिपाद्य 'उत्तम: पुरुषस्त्वन्य: परमात्मे त्युदाहृत: ॥ योलोकत्रय माविश्य बिभर्त्यव्ययईश्वर: ॥ नतद्भासयते सूर्य्यो नशशांको नपावक: ॥ यद्गत्वा ननिवर्तन्ते तद्धाम परमंमम" इति वचनै: विष्णो: परम्पदंशिवएवेति तदुक्तं नृसिंहतापिन्युपनिषदि

'शान्तं सदाशिवं ब्रह्मादिवन्दितं तद्विष्णाः परमम्पदं सदापश्यन्ति सूरयः 'पदंयत्परमंविष्णो स्तदेवाखिलदेहिनाम् ॥' पदम्परममद्वैतं सशिवः साम्बविग्रहः" इति ब्रह्माण्ड पुराण वचना त्तथा परमात्मेश्वर पदाभ्यां परस्मैपदत्त्वेन परब्रह्मैव प्रतिपाद्यमानः स्तस्य तद्व्यतिरिक्तत्वं माभूया दित्याशयेन" यस्मा त्क्षरमतीतोह मक्षरादपि चोत्तमः ॥ ततोऽस्मि ल्लोके वेदेच प्रथितः पुरुषोत्तमः" इति चोवाच तथा" एषा ब्राह्मीस्थितिः पार्थ नैनाम्प्राप्य विमुह्यति" पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यये" त्यादिना स्वातिरिक्तत्वेन ब्राह्मी पुरुष पदाभ्यां चिदम्बर शक्त्यु पासनापि प्रदर्शिता ॥

एवंञ्चात्र भगवद्गीतायां यत्र यत्रा हं ममेति पदानि कृष्णेन समुक्तानि तत्र तत्र तत्त्वमस्यादि महावाक्यवद् अस्मच्छब्द वाच्यत्वेन शिवाद्वैते तुरीये "तमादिमध्यान्त विहीनमेकम्" इत्यादि कैवल्यो- पनिष च्छ्रुतिबोध्ये परब्रह्मण्येव तात्पर्य्यार्थत्वे नोक्तमित्यादि तत्र

मिथ्याभूतं जगन्न दृश्यते । किंच इदं विश्वं त्वयोन न दृश्यते । अधिष्ठान- साक्षात्कारे सतिति शेषः । भयं भवः । वियदाद्यवच्छिन्नचैतन तादात्म्यापन्नं वियदादि प्रकाशते 'तस्य भासासर्वमिदं विभाति" इति श्रुतेः ।

प्रमातृ चैतन्यं प्रमाणचैतन्यं यत्राभिन्नं भवति तत्रैव विषयापरोक्षं भवति अतएव घटं साक्षात्करोमि वह्निमनुमिनोमीत्यनुव्यवसायः । तच्चापक्षत्वं देशान्त रीयस्य तुच्छस्य च न संभवतीति भावः ।

तत्र तत्त्वैकदर्शनभाष्ये समूलानि श्रीकृष्णाभिप्रेतानि सुस्पष्टी कृतानीति फलितोर्थो विवेक्तव्यः ॥ तत्तथैवाभिमतं स्कान्दे यज्ञवैभव खण्डस्योत्तरभागे सूतगीतायां महर्षीन्प्रति श्रीसूतेन दर्शितम् ॥

तद्यथा

इदमर्थे शरीरेतु याह मित्युदितामतिः ॥
सा महाभ्रान्तिरेवस्या दस्मि स्तद्ग्रह तत्वतः ॥१॥
तस्मा चिद्रूपएवात्मा हं बुद्धेरर्थ आस्तिकाः ॥
सर्वदेहेष्वहं रूपः प्रत्ययो यः प्रकाशते ॥२॥
तस्य चिद्रूप एवात्मा साक्षादर्थो न चा परः ॥
ब्रह्म विष्णु प्रजानाथ प्रमुखा स्सर्वचेतनाः ॥३॥
अहमेव परब्रह्मे त्याहु रात्मान मेव हि ॥
तेतु चिन्मात्र मद्वैतं अहमर्थं तया भृशम् ॥४॥
अङ्गीकृत्याह मद्वैतं ब्रह्मेत्याहु र्नदेहतः ॥
त्वमहं शब्द वाच्यार्थः साक्षात्मत्यक् चितिः परा ॥५॥
इत्यधिकं तत्रैव विस्तृतम् तथा शैवे महापुराणेऽपि ।
दक्षिणम्बाहु मुद्धृत्य शपथं प्रब्रवीमि वः ॥
यो वैमुमुक्षुभिर्ध्येयश्शम्भुराकाश मध्यगः ॥१॥
यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह ॥
निष्कलं तं शिवं ज्ञात्वा मायामत्येति वै पतिः ॥
तदमृतं परंब्रह्म ध्येयन्तत्र मुमुक्षुभिः ॥२॥

इत्यादि अत्र शम्भुराकाशमध्यग, इत्यनेन पूर्वोक्त चिदम्बराख्य महेश्वरः शिवएव प्रदर्शितः ॥

अथैवं समन्वयेजाते प्येतावता प्याग्रह व्यग्रेण तत्र देहभावेन श्रीकृष्णएवास्मच्छब्दवाच्यत्वेन गृह्यते चेत्तर्हि अवधूत गीतादौ, पञ्चभूतात्मकं विश्वंमरीचि जल सन्निभम् ॥ कस्याप्यहोनमस्कुर्य्यां दहमेको निरञ्जनः, इत्यादिनाऽस्मच्छब्दवाच्यत्वेन श्रीकृष्णावद्दत्तात्रेयादेरेव संग्रहणेन तत्र निरञ्जनत्वा कथना सङ्गतिः स्यात् ॥ एवं 'नन्दः सुखं समाख्यातं मदुक्तोक्ति समाप्तिकृत् ॥ आनन्दात्माततोहं हि निःसीम सुखरूपभृदित्यादिना आत्मपुराणे कौषितियोपनिषत्सारार्थ प्रकाशे प्रतर्दन राजानम्प्रतीन्द्रेणाप्याहं पद लक्ष्यत्वेन परमानन्दात्मा परब्रह्मैव समुक्तम् ॥ अन्यथा तत्राप्यनुपपत्तिः स्यात् ॥

तथा योगवाशिष्टे वशिष्टेन रामचन्द्रम्प्रत्युक्तम् ॥

अहं ब्रह्मा च विष्णुश्च वेदशास्त्राद्यनेकशः ॥
मन्मायामोहिताः सर्वे शिवोहं नात्रसंशयः ॥ इत्यादि

रामचन्द्रेणापि रामगीतायां लक्ष्मणम्प्रत्युक्तम् ॥

मद्भावना भावित शुद्धमानसो सुखीभवानन्दमयो निरामयः इत्यादि गुरुगीतायामपि 'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः' इत्यादि सर्वत्राप्यनुपपत्तिः स्यादिति किं बहुजल्पनेनेति दिक् ॥

श्रीगणेशाय नमः ॥ श्री गौरीशंकराभ्यां नमः ॥

दोहा

योगिराज गुरुवर्य्य के पद सरोजको ध्याय ॥
भाषा टीका रचत हों सब प्रमाण दरसाय ॥१॥
कालिकेश्वरदत्त बुध अर्थ कियो सब ठीक ॥
अबुधनको बहुबोध विनु संस्कृत लागत फीक ॥२॥

श्रीमद्योगिवर्य्य विप्रराजेन्द्र स्वामी जी का बनाया हुआ तत्त्वैकदर्शन नामक भगवद्गीता भाष्य और अष्टादशश्लोकी गीता की भूमिका ॥

वाराह पुराणका श्लोक जो गीता के आरम्भ में लिखा है भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र ने अर्ज्जुन के प्रति बोध दिया पुराणकर्त्ता व्यास ने संग्रह किया जो मध्य महाभारत में हुआ वह कौन वस्तु है अद्वैत अमृत को वर्षा देने वाली भगवती जो अट्टारह अध्यायों में रहने वाली है सूर्य्य के प्रकाश के सदृश प्रकाश रूपी जो शक्ति भगवत्गीता उसको मैं मन में धारण करता हूं वह कैसी है कि उसके ध्यान से जन्म मरण रूपी संसार का बन्धन छूट जाता है ।

पद्मपुराण के गीता माहात्म्य में गीता को शिवरूप वर्णन किया है पाँच अध्याय शिव के पाँचो मुख, दश अध्याय दशो बाहु एक करके उदर दो अध्याय करके दोनों चरण एवं अठारह अध्यायों से युक्त वाङ्मयी ईश्वर (शिवमूर्ति) गीता महापातक का नाश करने वाली है ॥ गीता माहात्म्य में वाराहपुराण का वचन है कि उपनिषद्रूपी गौ में अर्ज्जुन रूपी वत्स को लगाकर गोपालनन्दन दोग्धा (दूहने वाला) होकर गीतामृत (शिवज्ञानामृत) को दुहा धारणा ध्यानादि कर्मों से पवित्र मन वाले

सुधी उसके भोक्ता हैं। गीतारूपी ज्ञानका उपदेश देकर श्रीकृष्णचन्द्र ने अर्ज्जुन से कहा है कि अट्ठारह अध्याय जो गीता है सो अट्ठारह सीढ़ियों से चढ़कर परब्रह्म 'शिवमद्वैतं तुरीयं मन्यन्ते स आत्मा स विज्ञेयः' इत्यादि श्रुति वेद्य आत्माको प्राप्त होगे। 'तस्मात् धर्ममयी गीता सर्वशास्त्रार्थ प्रेरिका, और सर्व शास्त्रमयी गीता है अतः गीता सबसे श्रेष्ठ है। जहाँ गीता का निरन्तर पाठ होता है वहाँ भगवान ईशान (शिव) में भक्ति उत्पन्न होती है।

महाभारत के द्रोण पर्व में अर्ज्जुन के प्रति भीष्म पितामह का वचन है कि हे अर्ज्जुन ! सब प्रजापतियों में प्रथम तेजरूप परम पुरुष प्रभु ईशान वर को देने वाले शंकर को तुमने देखा है उन्हीं की शरण में प्राप्त हो क्योंकि वर देने वाला भुवनेश्वर वही है ॥

वाराह पुराण के गीता माहात्म्य में श्रीकृष्ण जी का वचन है कि गीता ज्ञान को मनमें धारणा कर मैं त्रिलोक का पालन करता हूं गीता ज्ञान हमारा परम विद्या तथा ब्रह्मरूपा है।

इस भारतवर्ष में पूर्वकाल में ज्ञान विज्ञान से युक्त पाप रहित तप से देदीप्यमान लोक का कल्याण करने वाले महर्षि गण हुए और उन सबों ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि का मूल श्रुति, स्मृति, इतिहास, रहस्य आदि सब शास्त्र वेद्य और सब धर्मों से उत्तम सब देवासुरों से विहित शिवोपासना है ऐसा निश्चय किया महाभारत के अनुशासन पर्व में अर्ज्जुन के प्रति भीष्म पितामह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि महादेव का गुण कहने में मैं असमर्थ हूं जो सर्वत्र व्यापक होकर रहते हैं और देखने में नहीं आते वे ब्रह्मा, विष्णु, इन्द्र, आदि देवों को बनाने वाले हैं वे प्रकृति पुरुष दोनों

से परे हैं योग जानने वाले तत्वदर्शी ज्ञानी जिनका चिन्तन करते हैं अक्षर परब्रह्म सत् असत् दोनों रूप हैं प्रकृति पुरुष दोनों को अपने तेज से मोहित कर ब्रह्मा को उत्पन्न किया वही देवदेव महादेव प्रजापति हैं गर्भ जन्म जरा मृत्यु से युक्त मनुष्य उनका गुणानुवाद नहीं कर सकते शंख चक्र गदाधारी नारायण के अतिरिक्त हमारे सदृश अल्पज्ञ पुरुष उन परमेश्वर को नहीं जान सकता अतः उनका माहात्म्य कृष्ण से पूछो वही कहेंगे।

वेद उपनिषद पुराणादि ग्रन्थोंमें ऐसे ऐसे बहुत वचन हैं परन्तु आजकल इन सब सिद्धान्त मार्गोंके लोपकरनेवाले धर्म अर्थ काम मोक्षादि सुखोंके नाशक अपनेको पण्डित माननेवाले गीतातत्वको न जाननेवाले बहुत हुए हैं (सर्वशास्त्रमयीगीता) इसप्रमाणसे गीता सर्वशास्त्रमयी हुई तो गीतासे शिवोपासन अविहित है ऐसा कहनेवाले विचार करें कि 'सर्वशास्त्रमयी' कैसे हुई इसतरहके अज्ञानान्धकारमें पड़े हुए पण्डितोंको ज्ञान देनेके लिये और जगतके उपकारार्थ काशीसे पूर्वदिशामें दर्दरक्षेत्र वा (भृगुक्षेत्र) में निवास करने वाले और पुरुषसिंह उज्जैनकुलभूषण डुमरावाँधीस महाराजा श्रीमहेश्वर बक्स सिंहादि नृपोंसे पूजित वेद वेदाङ्गादि विद्याओंमें निष्णात सिद्धान्तमत स्थापक कल्पितमत मर्दनोद्यत ब्रह्मज्ञानी श्रीमद्योगिवर्य्य विप्रराजेन्द्र स्वामीजीने 'तत्वैकदर्शन' नामक भगवद्गीता भाष्य तथा अष्टादशश्लोकी गीताको बनाया और उनके पुत्रने उसके ऊपर भाष्य प्रदीप नामक तिलक बनाया।

पूर्वकालमें यद्यपि श्रीमच्छंकराचार्य्यजीने गीताभाष्य बनाया परन्तु कठिन होनेके कारण सर्वसाधारणको उसका गूढार्थ ज्ञान नहीं हो सकता

और अन्यान्य श्रीधर शंकरानन्दगिरि आदिकोंने भी तिलक बनाया परन्तु दोग्धा गोपालनन्दन जो कृष्ण हैं उन्हींका माहात्म्य सबोंने लिखा, दुग्धजो गीतामृत है इसके विषयमें किसीने कुछ नहीं लिखा दोग्धा और दुग्धमें कितना भेद है इस बातको सब लोग जानते हैं।

श्रीकृष्णचन्द्रने गीतामें अर्जुनके प्रति परमार्थदशामें अद्वैत शिवतत्वही को कहा है अहंगिरोपासना करके शिवसे अपनेको अभेद मानकर 'अहं' शब्दका प्रयोग किया है उसी अर्थको कूर्म पुराणके अट्ठाइससे लेकर तीस अध्याय तक व्यासने अजुनके प्रति कहा है।

श्रीकृष्णके परमधाम जाने बाद शत्रुओंको ताप पहुंचाने वाला अर्जुन कृष्णका और्ध्वदैहिक क्रिया करके महाशोका कुल कहीं जा रहे थे मार्गमें कृष्ण-द्वैपायन व्याससे भेंट हुई शोकको त्यागकर अर्जुनने साष्टाङ्ग दण्डवत करके व्याससे युगधर्म पूछा इसके बाद व्यासने उनसे युगोंका धर्म कहा युगधर्मोंको कह कर श्रीकृष्णोक्त गीताज्ञानका स्मरण कराकर विराट् दर्शन द्वारा शिवज्ञानका जो उपदेश दिया है उसको भी कहा ॥ प्रणत अर्जुनकी देह पर हाथ फेरकर व्यासजी पुनः बोले कि हे अर्जुन ! तुम धन्य हो अनुग्रह करने योग्य हो तुम्हारे सदृश तीनों लोकमें शंकरका भक्त दूसरा नहीं है। सर्व जगन्मय विश्वाक्ष विश्वतोमुख श्रीरुद्रका विराटरूपमें तुमनें प्रत्यक्ष दर्शन किया है और वह ईश्वरज्ञान (शिवज्ञान) का प्रीतिपूर्वक स्वयं हृषीकेशने तुमको उपदेश दिया है। तुम अपने स्थानको जाओ शोकका त्याग करो परम भक्तियुक्त होकर शरणको देनेवाले शंकरकी शरण ग्रहण करो ॥

(गीता गङ्गा च गायत्री सीता सत्या सरस्वती) इस वाराह पुराण के

वचनसे गीता शब्द गायत्रीशब्द पर्य्याय वाचक हुआ तो जो अर्थ गायत्रीका है वही गीताका भी है आगे गायत्रीका अर्थ यह है कि जो उसको गावे (जप करे) उसका त्राण (रक्षा) करती है और वह गायत्री भर्ग शब्दसे चिह्नित है इस जगतको भूंजनेवाले (संहारकर्त्ता) रुद्रको भर्ग कहते हैं शिवदेव वाचक गायत्री द्विजत्वको देने वाली है प्रलयके समय चारो वेद गायत्रीमें लय होजाते हैं और गायत्री भर्ग शब्द जो शिवात्मक है उसीमें लय होजाती है ॥ केवल भर्ग शब्द रह जाता है। इस शिवरहस्य सप्तमांशके वचनसे तथा हर, स्मर, भव, भर्ग, महेश, त्रिपुरान्तक, ये सब शिवके नामहैं इस अमर कोषके प्रमाणसे और तेजरूप गति जिसका अथवा संसार का भर्जक (संहारकर्त्ता) रुद्र है ऐसा ब्रह्मवादी लोग कहते हैं इस मैत्रा-रण्योपनिषद् श्रुतिके प्रमाणसे गायत्रीमन्त्र प्रतिपाद्य शिव हुए तो गीता करके प्रतिपाद्य भी शिव ही हुए।

आगे गायत्रीका अर्थ स्वरूप लिखते हैं—

ॐ भूर्भुवः स्वः ॐतत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॥

भूः भुवः स्वः तीनो भुवन ॐ शिवरूप है 'ॐकारंरुद्ररूपिणं' तथा 'प्रणवार्थः शिवस्साक्षात्प्राधान्येनमहेश्वरः, इत्यादिप्रमाणोंसे (भुवनं भूर्भुवं-देवं सर्वलोक महेश्वरम्) इस महाभारतकी उक्तिसे तीनो भुवन शिवमय हुए अन्या निष्कला सूर्य्यके प्रकाश सदृश प्रकाशरूपा शिवकी शक्ति है इस स्मृति प्रमाणसे (भर्गोदेवस्य) भर्गस्य देवस्य यहाँ षष्ठीकी प्रथमा हो गयी है पाणिनीयका सूत्र है (सुपांसुलुक् पूर्वसवर्णा छेया डाड्या याजालः) वेदमें सुप् जो षष्ठी उसको सु अर्थात् प्रथमा होजाय शिव देवकी वर्णनीया

प्रकाशरूपा जो शक्ति उसका हमलोग ध्यान करते हैं' जो शिव जिस शक्ति द्वारा हम सबोंकी बुद्धिको तप, यज्ञ आदि शुभ कर्मोंमें प्रेरणा करें, गायत्री मन्त्र वेद्य शिव हुए तो गीता करके भी प्रतिपाद्य देव शिव ही हुए।

अमृतका परम सेतु निर्धूम अग्निके सदृश देदीप्यमान इस श्वेताश्वतरोपनिषदके श्रुति प्रमाणसे जो रुद्र हैं वही भगवान हैं और उन्हींकी सञ्ज्ञा अमृत है इस अथर्वशिरोपनिषदके वचनसे अद्वैत अमृत वर्षा देने वाली भगवती जो अट्ठारहों अध्यायमें रहने वाली है इस वाराह पुराणके उक्तिसे दुग्ध जो गीतामृत अद्वैत तुरीय तत्व शिव विनिश्चित हुए ऐसा बुद्धिमान सब जानें ॥ फिर पद्मपुराणके वचनसे भी गीताको शिवरूप प्रतिपादन किया है वाराहपुराणके वचनसे यह निश्चय होता है कि गीता पाठसे शिवमें अनन्य भक्ति होती है ॥

यह सब गीतातत्व प्रकाश करनेके हेतु और मोक्षकी इच्छा रखने वाले पण्डित जनोंके उपकारके हेतु परम दयालु सर्वशास्त्र पारंगत श्रीमद्योगिवर्य विप्रराजेन्द्र स्वामीजीने 'तत्वैकदर्शन' नामक भाष्य और अष्टादश श्लोकी गीताका निर्माण किया उनके पुत्रने उसके ऊपर भाष्यप्रदीप बनाया ॥ इन पुर्वोक्त प्रमाणोंसे गीतासे शिव अद्वैत ज्ञान सिद्ध हुआ तो गीतामें श्रीकृष्ण ने अर्जुनके प्रति कई स्थानों पर कहा है कि हमको जो जानता है सो मायासे पार हो जाता है पुनः कहा है कि हे अर्जुन ! हमसे परे कुछ नहीं है माला जैसे सूतमें गूथी जाती है वैसे ही सब हमारे भीतर हैं क्षर अक्षर दोनोंसे उत्तम मैं ही हूं अतः पुरुषोत्तम मेरा नाम है ॥ इत्यादि वचनोंसे अपने हीको सर्वोत्तम बताया है ॥

इन सब वचनोंका अर्थ इस प्रकार है

उसी गीतामें कृष्णने यह भी कहा है कि उपद्रष्टा अनुमन्ता भर्ता तथा भोक्ता महेश्वर हैं उनसे और अपनेसे एकता करके हम सबके प्रेरक हैं और हम हीसे सब हुआ ऐसा कहा है और हमारी शरणमें जो आता है वह मायासे छूट जाता है यदि जगतकी उत्पत्ति हेतु तथा मोक्षकी इच्छा वाले पुरुषोंके जाननेके लिये यह भी कहा है कि उत्तम पुरुष हमसे अन्य परमात्मा है जो तीनों लोकोंका पालन करता है, नाश रहित ईश्वर (शिव) हैं यहाँ पर (परमात्मेश्वर) पद उभय पदी है तो दूसरेके कहनेमें परस्मै पद कहा गया है अपनेको कहना होता तो आत्मने पद कहा जाता, हमसे अतिरिक्त द्वैत बुद्धि न हो इस कारणसे क्षर अक्षरसे परे पुरुषोत्तम मैं ही हूं ऐसा कहा पुनः गीतामें कृष्णने यह भी कहा है कि जिसको सूर्य्य चन्द्रमा अग्नि कोई नहीं प्रकाश कर सकता, जहां जानेसे मनुष्य संसारमें नहीं आता वही हमारा भी परम धाम है ॥ नृसिंह तापिन्युपनिषदमें लिखा है कि विष्णुका परम पद शिव है सदाशिव ब्रह्मा विष्णु आदि देवोंसे बन्दित वेदकी ऋचाओं से जो कहे जाते हैं वही विष्णुका परम पद है सदा ज्ञानी जन उनको देखते हैं ॥ पुनः ब्रह्माण्ड पुराणके अध्याय २८ में लिखा है कि अद्वैत साम्य विग्रह शिव जो विष्णुका परमपद है वही सब जीवोंका परमपद है और एही महादेव महेश्वर जानने योग्य हैं जो इनका परमपद कोई नहीं है इत्यादि ॥ गीतामें कृष्णने और भी कई जगह कहा है कि हे अर्जुन ! इस ब्रह्म भावनामें जिसकी बुद्धि स्थिर हो जाती है वह पुरुष कभी मोहमें नहीं पड़ता और वह परमपुरुष अनन्य भक्तिसे प्राप्त होता है इत्यादि ॥

श्रीकृष्णने गीतामें जहाँ तहाँ "अहं मम" कहा है वहाँ 'अहं मम' शब्द वाच्य आदि मध्य अन्तसे रहित विभु चिदानन्द अरूप अद्भुत रूप उमाके साथ परमेश्वर प्रभु नीलकण्ठ शान्त रूप शिवको कहा है इस बातको कैवल्योपनिषद्की श्रुति कहती है और यही विषय तत्वैक दर्शन भाष्यमें सप्रमाण कहा गया है पुनः इसी विषयको लेकर स्कन्द पुराणके यज्ञ वैभव खण्डमें सूत गीता है वहाँ श्रीसूतजीने महर्षियों के प्रति स्पष्ट रूपसे कहा है कि 'इदं' अर्थ शरीरमें जो 'अहं' बुद्धि होती है वह महा भ्रान्ति है क्योंकि इसमें नित्यता नहीं है॥ तस्मात् चिद्रूप आत्मा अहं शब्द वाच्य है सब देहमें जो अहंकार रूप भासमान होता है उसका परमात्मा हीमें तात्पर्य्य जानना चाहिये॥

ब्रह्मा विष्णु इन्द्र आदि देवता और महर्षिगणोंने (अहं पर ब्रह्म, ऐसा कहा है उन सबोंने चिन्मात्र अद्वैत आत्माको अपनेमें स्थित मान कर अहं कहा है देह भावसे नहीं 'त्वं अहं' शब्द वाच्य चैतन्य आत्मा है॥

अपरोक्षानुभूति वेदान्त ग्रन्थमें भी कहा है कि अहं शब्दसे विख्यात एकपर शिव है स्थूल जो अनेकताको प्राप्त देह है वह अहं पद वाच्य नहीं हो सकता॥

गीतामें श्री कृष्णने भी कहा है कि जो हमको तत्वतः जानता है वही उसके भीतर पहुंचता है तत्वतः यानी ब्रह्मभावसे स्वरूपतः देव की पुत्रतः नहीं।

शिव पुराणमें ऋषियोंके प्रति व्यासजीने भी प्रतिज्ञापूर्वक कहा है कि हे महर्षियो ! मैं दक्षिण बाहु उठाकर शपथपूर्वक कहता हूं कि मोक्षकी इच्छा वाले पुरुषों को आकाशवासी शिव ही का ध्यान करना

चाहिये जिनको मन वचन नहीं जान सकते ऐसे निष्कल शिवको जो संयमी जान लेता है उसको माया छोड़ देती है और वही अमृत परब्रह्म मोक्षकी इच्छा वाले पुरुषों को ध्यान करने योग्य है इत्यादि यहाँ भी (शम्भुराकाशमध्यगः) इससे चिदम्बराख्य महेश्वर ही को कहा है ॥

इतना समन्वय करनेपर भी यदि कोई आग्रह वश होकर कहे कि अहं पदसे मैं देवकी पुत्र कृष्ण ही को मानूँगा तो अवधूत गीतामें दत्तात्रेयने कहा है कि पञ्चभूतात्मक देह मृग मरीचि जलके सदृश है, मैं किसको नमस्कार करूँ, मैं ही एक निरञ्जन हूं ॥

और आत्मपुराणके कौषीतिकी उपनिषद् सारार्थ प्रकाशमें प्रतर्दन राजाके प्रति इन्द्रने कहा है कि आनन्दात्मा मैं ही हूं पुनः योग वाशिष्ट में श्रीरामचन्द्रके प्रति वशिष्ट ऋषिने कहा है कि मैं ही ब्रह्मा, विष्णु शिव शास्त्र वेद पुराण सब हूं हमारे ही माया से सब मोहित है।

राम गीतामें श्रीरामचन्द्रने लक्ष्मणके प्रति कहा है कि हे लक्ष्मण ! जो कुछ तुम देखते सुनते हो सब मायामय है हमारी भावनासे भावित मन होकर सुखी हो जाओ।

पुनः गुरु गीतामें ब्रह्मा, विष्णु, शिव, ब्रह्मरूप, सब गुरुहीको प्रतिपादन किया है ॥

अतः सब लोगों ने अहं शब्दसे परमात्मा शिवहीको कहते हैं देह भावसे नहीं। वेदान्त शास्त्रमें अहं गिरो पासना और त्वंगिरो पासना है पहलाका लक्षण है कि जो कुछ है सो सब मैं ही हूं हमसे परे कुछ नहीं है ऐसा कहना—

दूसरा लक्षण—जो कुछ है सो सब तुमहीं हो तुमसे अतिरिक्त कुछ

वस्तु नहीं ॥ हमने पक्षपात रहित वेदशास्त्रके प्रमाण युक्त गीतातत्व बताया विचारशील पण्डित जन इसको समझें ॥ इति शिवम् ॥

अट्ठारह अध्याय गीताका संक्षेपार्थ अध्यायोंके भाष्यके आरम्भमें श्रीस्वामीजीने अट्ठारह श्लोक लिखा है सो अष्टादश श्लोकी गीता आगे लिखते हैं ।

गीताध्यानम् ॥

पञ्चभि र्मुखमाख्यातं दशभि र्बाहवो मता ॥
हृन्नाभि पाद पर्यन्तं त्रिभि र्गीतामृतं विदुः ॥ १ ॥

गायत्र्यर्थोक्तितो गीता तत्राद्ये बन्धु नाशतः ॥
न योत्स्येऽहं विषादेन त्वर्ज्जुनोक्ति र्निरूप्यते ॥ १ ॥

ब्रह्मात्त्वयं मृषा जीवो मायात्वेनच नश्वरः ॥
युद्ध्यस्वे त्यर्ज्जुनायोक्तं द्वितीये सांख्यदर्शनम् ॥ २ ॥

नैष्कर्म्यं कर्म्मणा प्रोक्तंकण्टकेनेति युक्तितः ॥
नान्यथा शुद्धितो ज्ञानं तृतीयेतु निगद्यते ॥ ३ ॥

सबाह्याभ्यन्तरैः कर्म्म यत्कर्तव्यं त्वयार्ज्जुन ॥
ब्रह्मार्पणं चतुर्थेतु सोर्ज्जुनाय ब्रवीद्धरिः ॥ ४ ॥

कर्मकृत्वाऽथ सन्यासः फलानां नैवकर्म्मणः ॥
नच दण्डादिना मुक्तिः पञ्चमेतु निरूप्यते ॥ ५ ॥

आत्म ज्ञानाद्भवेन्मुक्ति स्तथापीन्द्रिय संयमात् ॥
मुक्ति रेवात्मनिष्ठस्य षष्ठे त्वेत न्निरूप्यते ॥ ६ ॥

शास्त्र जन्यम्भवेद्‌ज्ञानं विज्ञानं त्वात्म बोधजम् ॥
तयोर्निरूपण ञ्चाद्य सप्तमे त्विह दर्शये ॥ ७ ॥
क्षरश्चे त्यक्षरश्चेति ततश्चाप्यपरो विभुः ॥
कश्चे त्येवं विवेकोहि त्वष्टमेतु निरूप्यते ॥ ८ ॥
अष्टादशानां विद्यानां योगविद्या परा ततः ॥
आत्मविद्या परागुह्या नवमे सा समीर्य्यते ॥ ९ ॥
संसारे स्मिन्विभूतिर्वै या या दिव्यस्वरूपिणी ॥
सा तदेवेश्वर स्यांशा दशमे तन्निरूप्यते ॥१०॥
आब्रह्म स्तम्बपर्यन्तं त्वर्ज्जुनाय हृदिस्थितम् ॥
दर्शितं विश्वतोरूपं प्रोचे त्वेकादशेभृशम् ॥११॥
पराचैवा पराचेति भक्तिस्तु द्विविधा मता ॥
विज्ञानाख्या पराप्रोक्ता द्वादशे सा समीर्य्यते ॥१२॥
क्षेत्र क्षेत्रज्ञयो र्ज्ञानं तदन्यस्य विवेकतः ॥
परात्मान न्ततोज्ञेयं कैवल्यं तत्त्रयोदशे ॥१३॥
गुणत्रय मिदं सर्वं प्रकृतिस्तु गुणात्मिका ॥
ततोतीतं भवेद्ब्रह्म वेदितव्यं चतुर्दशे ॥१४॥
परत्वा पर भेदेन पुरुषोहि द्विधामतः ॥
तत्रोत्तमः परः प्रोक्तो प्रोचेपञ्चदशेऽखिलम् ॥१५॥
दैवी चैवा सुरी चेति सम्प द्द्वेधा प्रकीर्तिता ॥
मोक्षबन्ध प्रदत्वेन षोडशेतन्निरूप्यते ॥१६॥

श्रद्धात्रद्विविधा प्रोक्ता तत्तद्भेदै रनेकधा ॥
न्यूनाधिक फलैः सप्त दशोत्वेतन्निरूप्यते ॥१७॥
उपक्रमादितो ज्ञानं विनिश्चित्य विवेकजम् ॥
फलाशक्ति म्विना त्वष्टा दशे त्वेत न्निरूप्यते ॥१८॥
इमानष्टादश श्लोकान् नित्यं श्रद्धा समन्वितः ॥
यः पठे न्नियमेनैव गीतापाठ फलं लभेत् ॥ १ ॥

॥ इति अष्टादशश्लोकी गीता ॥

गीताका ध्यान पाँच अध्याय शिवका पाँचोमुख दश अध्याय बाहु एक हृदय और दो अध्याय दोनों चरण है ॥१॥

॥ भाषार्थ ॥

अष्टादश श्लोकी गीताका भाषार्थ आगे लिखते हैं----

जो गायत्रीका अर्थ है वही गीताका अर्थ है तो गायत्रीसे शिव शक्तिका कीर्तन है तो गीतासे भी शिव शक्तिका कीर्तन सिद्ध हुआ ! श्रीकृष्णके प्रति विषादयुक्त होकर अर्जुन कहते हैं कि बन्धुओंके नाशके भयसे मैं युद्ध नहीं करूँगा इस बातका विस्तार पहले अध्यायमें कहा है ॥१॥

मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, जो अन्तष्करण है उसके बीचमें ईश्वरका प्रतिबिम्ब पड़ा है वही जीवसंज्ञक है जैसे उपनिषदोंमें लिखा है (जीवः शिवः शिवोजीवः सजीवः केवलः शिवः) केवल जीव शिव है उसका नाश नहीं होता जन्म मृत्यु मायासे भासमान होती है न कोई मरता न जन्म लेता अतः बन्धुओंका नाश भय छोड़कर हे अर्जुन ! तुम युद्ध करो, ऐसा दूसरे अध्यायमें कहा ॥२॥

मनुष्य कर्मको नहीं करनेसे कर्मबन्धनसे नहीं छूटता कर्म करने ही से कर्मका नाश होता है जैसे एक कांटा पैरमें गड़ता है तो दूसरा काँटा ढूढ़ते हैं फिर दूसरे काँटेसे पैरका काँटा निकालकर दोनों को फेक देते हैं। पुण्य कर्म्म नहीं करनेसे पाप कर्म्म लग जाता है अतः फलकी इच्छासे रहित होकर निष्काम कर्म्म करनेसे ज्ञान प्राप्त होता है यह तीसरे अध्यायमें श्रीकृष्णचन्द्रने अर्ज्जुनके प्रति कहा है ॥३॥

बाह्य कर्म स्नान सन्ध्या, पूजन, आहार, विहार आदि अन्तः कर्म्म यम, नियम, धारणा, ध्यान, आदि सब परब्रह्म परमात्मा शिवमें अर्पण करो फलकी इच्छा मत करो चौथे अध्यायमें अर्ज्जुनके प्रति कृष्णने ऐसा कहा ॥ ४ ॥

कर्म्म करो उसके फलके त्यागको सन्यास (सम्यक् न्यासः सन्यासः) कहते हैं। कर्म्मके त्यागसे मनुष्य पतित हो जाता है फलाभि सन्धि रहित जो कर्म्म करता है वही सन्यासी अथवा योगी पद वाच्य है निरग्निक होकर दण्डकाषाय धारणसे सन्यासी नहीं होता जैसे विष्णु स्मृतिमें कहा है ॥

(अन्नार्थं लिङ्ग मुद्दिष्टं न मोक्षार्थं मिति स्थितिः)

दण्डकाषाय आदि जो चिन्ह हैं वे भिक्षाके लिये हैं मोक्षके लिये नहीं, इस विषयको श्रीकृष्णचन्द्रने पाँचवें अध्यायमें कहा ॥५॥

इन्द्रियोंका संयमकर आत्मज्ञानसे मुक्ति होती है आत्मनिष्ठ पुरुष की ही मुक्ति निश्चित है आत्मा शब्द शिवको कहता है केनोपनिषद् ॥ (शिवमद्वैतंतुरीयं मन्यन्ते स आत्मा सविज्ञेयः) शिव अद्वैत तुरीय समा-

जिसें प्राप्त होने वाले आत्मा जानने योग्य हैं इस बातको छठे अध्यायमें कहा है ॥ ६ ॥

शास्त्र जन्य ज्ञान है आत्म बोधजन्य विज्ञान है विज्ञान प्राप्त होने पर सब विद्या और गुणका स्वयं प्रकाश हो जाता है ज्ञान देनेवाले शिव हैं कूर्म्म पुराण का वचन है (यस्तु ज्ञानं तथा मोक्षं इच्छेत्तद्ज्ञान मैश्वरम् सोचंयेद्दैविरूपाक्षं प्रयत्नेन महेश्वरम्) जो पुरुष ईश्वर ज्ञान तथा ज्ञान मोक्ष चाहता हो सो यत्नपूर्वक महेश्वर का आराधन करे इन दोनोंका विस्तारपूर्वक निरूपण सातवें अध्यायमें किया है ॥ ७ ॥

क्षर अक्षर दोनोंसे परे विभु परमात्मा कौन है जैसे महाभारतमें भीष्म पितामहका वचन अर्ज्जुनके प्रति है कि (प्रकृति पुरुषञ्चैवक्षोभयित्वा स्वतेजसा ब्रह्माणमसृजत्तस्माद्देवदेवः प्रजापतिः) प्रकृति पुरुष दोनोंको अपने तेजसे मोहितकर देव देव शिवने ब्रह्माको बनाया पुनः श्वेताश्वतरोपनिषद्की श्रुति कहती है (क्षरं प्रधान मसृता क्षरं हरः क्षरात्मनावीशते एकदेवः तमभिध्यानाद्योजनात्तत्वभावाद्भुयश्चान्ते विश्वमाया निवृत्तिः).

क्षर प्रधान है अमृताक्षर हर है क्षरात्मा ईश एक देव है तत्वतः उसके ध्यानसे जगतकी माया छोड़ देती है इस विषयको आठवें अध्यायमें कहा है ॥ ८ ॥

अष्टारह विद्याओंसे परे योग विद्या है और उससे परे आत्म-विद्या है जैसे योगशास्त्रमें लिखा है कि (वेद शास्त्र पुराणानि सामान्य गणिका इव, एकैव शाम्भवी मुद्रा गुप्ता कुल बधूरिव) वेद शास्त्र पुराण साधारण गणिकाके सदृश हैं एक शाम्भवी मुद्रा ही कुल बधूके समान गुप्त है इस विषयको नवमा ध्यायमें कहा है ॥ ९ ॥

इस जगतमें जो कुछ है सो सब ईश्वर (शिव) की विभूती है जैसे महिम्न स्तोत्रमें लिखा है कि (सुरास्ताँस्तामृद्धिं विदधति भवद्भ्रू प्रणिहिता) ब्रह्मलोक विष्णु लोक इन्द्र लोक आदि सब लोकोंकी जो ऋद्धि सिद्धि हैं सो आपके भ्रूकटाक्षसे हुई है इसको दशमध्याय में कहा है ॥ १० ॥

ब्रह्मासे लेकर तृण पर्यन्त रुद्ररूप विराट् दर्शन अर्ज्जुनको कृष्णने कराया इसको कूर्म्मपुराण कहता है [दृष्ट वानसितं देवं विश्वाक्षं विश्व-तो मुखं प्रत्यक्षमेव सर्वेषां रुद्रं सर्वं जगन्मयम्] हे अर्ज्जुन ! बस रुद्र देवको तुमने प्रत्यक्ष देखा है जो विश्वाक्ष विश्वतो मुख सब जगन्मय है यह ग्यारहवाँ अध्यायमें कहा है ॥ ११ ॥

भक्ति दो प्रकारकी है १ परा और २ अपरा उसमें विज्ञा रूपापरा भक्ति है और कामनायुक्त अपरा है यहाँ पर श्रीकृष्णने कहा है कि जो कुछ कर्म्म करो सो सब हमारे ही को अर्पण करो वहाँपर 'अहं' पद वाच्य शिव अद्वैत आत्माको कहा है अपनेको नहीं इसका साक्षी सूत गीता है [त्वमहं शब्द वाच्यार्थः साक्षात्प्रत्यक् चितिः परा] त्वं, अहं शब्द वाच्य साक्षात् चिन्मयआत्मा है बारहवें अध्यायमें इसका विस्तार कहा है ॥१२॥

क्षेत्र शरीर क्षेत्रज्ञ जीव इसके अतिरिक्त और सब वस्तुओंसे परे परमात्माका ज्ञान है और उसी ज्ञानसे मुक्ति प्राप्त होती है कैवल्यो-पनिषद्की श्रुति कहती है कि (तमादि मध्यान्त विहीन मेकं विभुं चिदानन्द मरूपमद्भूतम् उमा सहायं परमेश्वरं प्रभुं त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम् स ब्रह्मा स शिवश्चेन्द्रो स विष्णु स प्रजापतिः ज्ञात्वामृतत्वमत्येति नान्यः पन्था विमुक्तये)

आदि मध्य अन्तसे रहित विभु चिदानन्द स्वरूप अद्भुत रूप है जिनके बाँम भागमें उमा हैं तीन नेत्र वाले नीलकण्ठ शान्त रूप हैं जिनका वे ही ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र, प्रजापति, होकर सब काम करते हैं उसीके जाननेसे मनुष्य अमृत हो जाता है जगतसे पार होने का दूसरा मार्ग नहीं है इस बातको तेरहवें अध्यायमें कहा है ॥१३॥

रजोगुण, तमोगुण, सत्वगुण मय सब जगत है और माया भी त्रिगुणात्मिक की है तीनो गुणोंसे परे नित्य सत्वस्थ परमात्मा है जैसा कि महाभारतमें लिखा है (तमसा काल रुद्राख्यं रजसा कनकाणुजं सत्वेन सर्वगं विष्णुं निर्गुणत्वे महेश्वरम्) तमोगुणसे कालरुद्र रजोगुणसे ब्रह्मा सत्वगुणसे विष्णु गुणत्रयातीत नित्य सत्वस्थ महेश्वर हैं इस बात को चौदहवें अध्यायमें कहा है ॥१४॥

पर अपर भेदसे पुरुष दो हैं उत्तम पुरुष पर है जो इमसे अन्य है और वही हम भी परमधाम हैं।

(तद्विष्णोः परमम्पदं सदापश्यन्ति सूरयः) वही विष्णुका परमपद आत्मा शिव संज्ञक है जिसको ज्ञानी जन दिव्य चक्षु द्वारा देखते हैं इस विषयको श्रीकृष्णचन्द्रने पन्द्रहवें अध्यायमें कहा है ॥१५॥

दैवी सम्पद् तेज, क्षमा, धृति, पवित्रता, अद्रोह, अभिमान रहित, और शास्त्र वेद में विश्वास, मोक्षको देने वाली है आसुरी सम्पद् दम्भ, अभिमान, क्रोध, कटु बचन, आदि नरकको देनेवाले हैं इसका विस्तार सोलहवें अध्याय में कहा है ॥१६॥

श्रद्धा तीन प्रकार की है सात्विकी १ राजसी २ तामसी ३ सात्विकी वह है जो शास्त्र विधिसे युक्त अनन्य भावसे ईश्वर (शिव) की भक्ति

करता है और राजसी वह है कि जो अन्य देवगण तथा यक्ष राक्षस गणों की उपासना करता है तामसी वह है जो शास्त्र विधि छोड़कर भूत प्रेतादिकोंका उपासना करता है जैसे कि लिखा है (ये शास्त्र विधि मुत्सृज्य यजन्ते दम्भ संयुता) इत्यादि जो शास्त्र विधि छोड़ कर दम्भ से युक्त होकर भजन करते हैं उनको सिद्धि नहीं होती नरक प्राप्त होता है इन विषयोंका विस्तार सत्तरहवें अध्यायमें कहा है ॥१७॥

उपक्रम १ प्रारम्भ में क्या लिखा, उपसंहार २ अन्त में क्या कहा, अभ्यास ३ बार बार क्या कहा, अपूर्व ४ आश्चर्य क्या कहा, अर्थवाद ५ मशंसा किस बात की की, उपपत्ति ६ सिद्धान्त क्या बताया ये ही सभी बातें मनमें लेकर भगवान श्रीकृष्णचन्द्रने अर्जुनसे सन्यासका अथ त्याग और कर्म्म करना आवश्यक कहा और उसके फल त्यागको त्याग बताया पीछे सतरहवें अध्याय में जो कह आये हैं उसका सारांश सिद्धान्त अट्टारहवें अध्यायमें अर्जुनको भगवान श्रीकृष्णजीने बताया है ॥१८॥

इस अष्टादश श्लोकी गीताका श्रद्धालु होकर नियमपूर्वक जो नित्य पाठ करेगें उनको गीता पाठ का फल प्राप्त होगा ॥ १ ॥

इति अष्टादश श्लोकी गीता भाषार्थः ॥

॥ विज्ञप्ति पत्रम् ॥

गीता तत्त्व मजानन्तः शिव तत्त्वैक विद्विषः ॥
भ्रमन्ति ज्ञानिवल्लोके भ्रामयन्ति जनानपि ॥ १ ॥

गीतामृतंहि संसिद्धं शिव तत्त्वैक दर्शनम् ॥
भाष्यमेतद्बुधैः श्लाघ्य मम्बिकेशेन प्रार्थितम् ॥ २ ॥

पाणिन्यादि महर्षि सुक्तसुमना शब्देतु शब्दामृतम् ॥
व्याचष्टेस्म रसेषु सारविभवैः शास्त्रेषुषट्दर्शनम् ॥
सिद्धान्तं निगमागमादि विहितं कांडत्रयाधिष्कृतम्।
साराढ्यं खलु सर्व पूर्वक महो शास्त्रार्थ संदर्शनम् ॥ ३ ॥

संक्षिप्तं त्वथ ज्यौतिषेच विमलं वेदाङ्ग चक्षुः परम् ।
आयुर्वेद विनिश्चितोर्थविषये त्वष्टाङ्गशुद्ध्याह्वयम्॥
प्रश्नादीन्बुधसम्मतान्बहु विधान् ग्रन्थान्सटीको ज्वलान् ।
सिद्धान्ता नथ यश्चकार सुलभान् श्रीविप्रराजाह्वयः ॥४॥

लोकानुग्रह वाञ्छया पुनरहो मुद्रासहस्राधिकः ।
स्वीयाभिर्व्ययतस्ततोहिमतिमोस्तान्सुद्रयित्वासमान्
विद्वद्भ्यस्त्वथपुस्तकानिमददौछात्रादिकेभ्यस्तथा
तन्मूल्यग्रहणं विनैव विदितः कस्तत्समोदारधीः॥ ५ ॥

इत्थं विज्ञप्ति पत्रंयत् काशि केश्वर शर्म्मणा ॥
विज्ञापितु सुविद्वद्भिः स्वीकार्य्या प्रार्थनास्त्विमे ॥ ६ ॥

भगवद्गीता भाष्य भूमिका ।

भाषार्थः ।

गीताके गूढ़ार्थ तत्वको नहीं जाननेवाले शिविमुखलोकको भ्रम में डालनेवाले और अपने भ्रममें पड़े हुये ज्ञानीके सदृश आजकल बहुत हुये हैं जैसे उपनिषद्का वचन है (अविद्यायामन्तरे वर्तमानास्व यंधीराः पण्डितं मन्य माना दंद्रम्य माणाः परि यन्ति मूढा अन्धे नैव नीयमाना यथान्धाः ॥)

अज्ञान के भीतर वर्तमान हैं परन्तु अपनेको धीर पण्डित मानते हैं उनका उपदेश कैसा है कि जैसे एक अन्धा किसी अन्धेकी बांह पकड़ कर ले जा रहा है वे दोनों कूयेंमें गिरेंगे ॥१॥ तत्वैकदर्शन भाष्यसे गीतामृत (शिवज्ञानामृत) अद्वैत शिवतत्व सिद्ध हुआ यह भाष्य विद्व-ज्जनों से श्लाघ्य हो यह प्रार्थना हमारे मध्यम भ्राता पं० अम्बिकेश्वर दत्तजीकी है ॥ २ ॥

अष्टाध्यायी के क्रम से श्लोकबद्ध जिन्होंने शब्दामृत नामक ग्रन्थ बनाया और छओं शास्त्रों का सारांश लेकर षट्दर्शन नामक ग्रन्थ बनाया पुराण वेद तन्त्र आदि आर्य ग्रन्थों का सारांश लेकर सर्व शास्त्रार्थ दर्शन नामक ग्रन्थ बनाया ज्योतिषमें वेदांग चक्षु आयुर्वेदमें अष्टांग शुद्धि बनाया और प्रश्नोत्तर सूचीपत्र शब्दांकुर आदि पचासों ग्रन्थकी रचना की और हजारों रूपये खर्च करके सब पुस्तकोंको छपवाकर पण्डित

विद्यार्थियों को बिना मूल्य वितरण किया फिर उनके समान उदार कौन हो सकता है ॥ इति ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ इस विज्ञप्ति पत्रको सब पण्डित विद्वान स्वीकार करें यही पं० कालिकेश्वर दत्तजीकी प्रार्थना है ॥ ६ ॥

नेत्र[२] ग्रहा[९]ङ्क[९] भू[१] संख्ये वैक्रमीये सु वत्सरे ।
कालिकेश्वर दत्तेन गीता ज्ञानं निरूपितम् ॥

इति

ॐ नमः शिवाय।

भक्ति-ग्रंथमाला द्वारा प्रकाशित शिवभक्ति का सच्चा पथ प्रदर्शक, अपने ढंग का निराला और शास्त्रसम्मत ग्रन्थ शिव-भक्तमाल इत्यादि।

हम परम पुरुषार्थ साधन के लिए अनेक उपाय करते हैं, परन्तु यह भूल जाते हैं कि ईश्वर-भक्ति के बिना सब साधन वृथा है। क्योंकि एक भक्ति ही परमपद प्राप्ति का साधन है। आप घर बैठे सैकड़ों शास्त्रों की आलोचना कर सकते हैं, अनेक नियमों का पालन कर सकते हैं, परन्तु यह सब हमारे परम पुरुषार्थ की सिद्धि में विशेष सहायक नहीं है, यदि यह ठीक हो तो इन अनुष्ठानों को करके हम फिर मायाजाल में न जकड़े जायँ और विषयों के अन्ध कूप मेंन गिरे, परन्तु ऐसा नहीं होता। अवसर आ पड़ने पर बड़े बड़े विद्वान् और तपस्वी भी पथ भ्रष्ट होते देखे गये हैं। जिस हृदय में भक्ति का कणमात्र भी उदय हो जाता है, वह हृदय फिर कभी शून्य देखने में नहीं आता। भक्त के हृदय से किसी समय भी परमात्मा की पवित्र ज्योति दूर महीं होती. भक्त संसार की हर एक वस्तु को हर की छवि से प्रतिविम्बित पाता है।

हर एक में हर को लखं हर २ सदा रटता रहूँ।

(शिवपंचामृतम्)

यह ठीक है, कि प्रलोभनमयी प्रकृति जीव को अपनी ओर खींचकर प्रमात्मा से बहिर्मुख कर देती है। प्रकृतिके परदे से आवृत होने के कारण जीवके चारों ओर अन्धकार ही अन्धकार दीखता है। परन्तु भक्ति का उदय होने पर जीव की सब वृत्तियाँ अन्तर्मुखी हो जाती हैं, उस समय प्रकृतिका परदा आप से आप हट जाता है। परमात्मा के दिव्य प्रकाश से हृदय का घोर अन्धकारमय प्रदेश भी आलोकमय हो जाता है, भक्ति दूरवर्ती परमात्मा को समीपवर्ती कर देती है।

वह किसी से भी न जीते जानेवाले परमात्मा को भक्त के वश में कर देती है।

> सम्भाषणं सहवासः क्रीड़ाचैव विमिश्रणम् ।
> दर्शनं शिवभक्तानां स्मरणञ्चाघनाशनम् ॥ १ ॥

ईश्वरभक्तों से सम्भाषण, (भगवत्चर्चा) उनके साथ रहना, खेलना (क्रिडा) वा मिलना, उनका दर्शन, स्मरण और पुरातन भक्तों की गाथाओं को याद करना (यह सब कार्य) पातकविनाशक हैं और भक्ति के उदय होने के मार्ग हैं। भगवान् की लीलाओं को पढ़कर उनका चिन्तवन करने से भक्त के हृदय में भक्ति का आवेश होने लगता है। योगदर्शन में तो समाधि के लिए सब से सरल उपाय यही बताया है कि "वीतरागविषयं वा चित्तं" ॥ ३७ ॥ वैराग्यवान भगवतभक्तों का ध्यान से ही भक्ति का प्रादुरभूत होती है। यदि आप योगदर्शन में बताये वीतराग पुरुषों की गाथायें जानना

चाहते हों तो आप 'शिवभक्तमाल' पढ़ें। सनक, सनन्दन, भगवान् वेदव्यास आदि महापुरुषों का पावन चरित्र-वर्णन ही शिवभक्त-माल का प्राण है। इस ग्रन्थ के प्रमाण पञ्चम वेद (महाभारत) शिवपुराण, लिंगपुराण, कल्कि-पु०, स्क० पु०, ब्रह्मखंड, रेवाखंड, कूर्मपु० मायापुरीमाहात्म्य, काशीखंड, नागर खंड, देवी भागवत, नागर खंड, कौमार खंड, बाल्मीकीय रामायण इत्यादि हैं और देवी, देव, यक्ष, दैत्य, देवर्षि, ऋषि, ब्रह्मर्षि, राजर्षि, वैश्य और अन्य भक्तजनों की गाथायें हैं।

१. शिव गीता श्रीमत परमशिवेन्द्र सरस्वतीजी विरचित तात्पर्यप्रकाशिकाख्या सहित — २॥)
२. सचित्र शिवभक्तमाल—३० चित्ताकर्षक तिरंगे तथा सादे चित्रों और सुन्दर जिल्द से सुसज्जित एवं उपनिषदों का प्रस्तावना स्वरूप—काशी मोक्ष विचार शिवपूजा विधान, लघुशिवप्रमोद से युक्त — २)
३. मूलमंत्र विना चित्र दोनों भाग — १)
४. द्वादश ज्योतिर्लिंग—इनके प्रकट होने की १२ सुन्दर कथा और उन स्थानों का पूरा पता — ≈)॥
५. शिवपंचामृत महिमामृत-नामामृत, कीर्तनामृत-ध्यानामृत तथा अभ्यासमृत सच्चे अमृत हैं — ।)
६. शैवप्रमोद, (शिवभक्ति पं० चन्द्रशेखरजी शुक्लकृत) अनेक राग रागिनियों मे[illegible]मय २ का सुन्दर भजन

पुस्तक मिलने का पता—

कुछ प्रतिष्ठित पत्रों की सम्मतियां।

श्रीमान् आचर्य पं० महावीरप्रसादजी द्विवेदी
दौलतपुर (रायबरेली)

आपकी भेजी हुई शिवभक्तमाल इत्यादि पुस्तकें मिली। आपने बड़ी कृपा की मैं आपका बहुत कृतज्ञ हुआ। पुस्तकें सभी दिव्य हैं।